अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संगठन

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष -

- ब्रिटन वुड्स सम्मेलन 1943 के आधार पर 1994 में IMF की स्थापना की गई किन्तु व्यवस्थित रूप से 27 दिसम्बर,1945 को इसका संगठन किया गया |

कुल सदस्य संख्या- 188

प्रारभिक सदस्य संख्या -45

मुख्यालय - वाशिंगटन DC

उद्देश्य :

1. सदस्य देशों के प्रतिकूल संतुलन की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान करना | इस संदर्भ में यह भुगतान असंतुलन की मात्रा एवं अवधि में कमी लाने का प्रयास करता है |
2. अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग को प्रोत्साहित करना |
3. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का संतुलित विकास करना |
4. विनियम दरों में स्थिरता बनाये रखना |
5. बहुपक्षीय भुगतानों की व्यवस्था स्थापित करके विनियम प्रतिंबधों को समाप्त करना | दिसम्बर 1997 से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के समस्त लेन-देन विशेष आहरण अधिकार के रूप में व्यक्त किये जाने लगे | 1971 में एक डॉलर को SDR के समान माना गया था |

- 1 जनवरी,1981 से SDR का मूल्य पाँच अधिकतम निर्यात वाले सदस्य देशों की मुद्राओं की टोकरी के आधार पर निर्धारित किया जाने लगा | वर्तमान में SDR चार मुद्राओं में परिवर्तित है-अमेरिका,डॉलर,यूरो,येन,पाउंड स्टर्लिंग | यह अल्पकालिक ऋण होता देता है |
- अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक क्षेत्र में SDR स्वर्ण मुद्रा की भूमिका अदा करता है इसलिए कि इसे कागज स्वर्ण के नाम सभी जाना जाता है |
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संसाधनों में सर्वाधिक महत्व सदस्य देशों के आबटित अभ्य्शो का है |
- अब तक 13 बार अभ्य्शो में परिवर्तन किया जा चूका है अभ्य्शो के आधार पर प्रथम स्थान अमरीका का है | दुसरे स्थान पर जापान तथा जर्मनी का समान अभ्य्श है चौथे स्थान पर फ्रास तथा इंग्लैंड का समान अभ्य्श है |
- वर्तमान में IMF की पहली महिला चेयरमैन क्रिस्टीना लेगार्ड फ्रांस है |

विश्व बैंक :

- विश्व बैंक को अंतर्राष्ट्रीय पुननिर्माण एवं विकास बैंक भी कहा जाता है |

1. इसकी स्थापना दिसम्बर 1945 में IMF के साथ हुई |यह दीर्घकालीन ऋण देता है |
2. सदस्यता : यदि कोई राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की सदस्यता ग्रहण कर लेता है जो स्वत:ही विश्व बैंक का भी सदस्य हो जाता है | इसी प्रकार IMF की सदस्यता त्यागते ही उसकी विश्व बैंक की सदस्यता भी समाप्त हो जाती है | इस प्रकार वर्तमान में विश्व बैंक के 188 सदस्य है |
3. मुख्यालय:वाशिंगटन डी.सी.

उद्देश्य :

1. सदस्य राष्ट्रों के आर्थिक पुनर्निर्माण एवं विकास हेतु दीर्घकालीन पूँजी उपलब्ध कराना |
2. भुगतान संतुलन को समस्या को दूर करने एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के संतुलित विकास हेतु दीर्घकालीन पूँजी विनिवेश की प्रोत्साहित कराना,जिससे कि सदस्य राष्ट्र की उत्पादकता में वृद्धि हो,फलत:मानव शक्ति एवं जीवन स्तर और अधिक उन्नत हो सकें | व वर्तमान में विश्व बैंक का अध्यक्ष रॉवर्ट जॉयलिक है | जून से Jim Yong Kim ग्रहण करेंगें |

विश्व बैंक की सहयोगी संस्थाएं

- IBRD,अंतर्राष्ट्रीय विकास परिषद,अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम बहुपक्षीय विनियोग गारंटी संस्था तथा इंटरनेशनल सेंटर फॉर सेटिलमेंट ऑफ़ इन्वेस्टमेंट डिस्प्यूट उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक से अभिप्राय सामान्यता IBRD तथा IDA से है जबकि इन पाँचों संस्थाओं को विश्व बैंक समूह के नाम से जाना जाता है |

- अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम,अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ तथा निवेश गारंटी अभिकरण विश्व बैंक के संबंधित संस्थाएं है |
- भारत ICSID को छोडकर अन्य सभी बैंकों का सदय है |
- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की भांति इसके भी दो प्रकार का सदस्य है-मौलिक सदस्य एवं सामान्य सदस्य
- इसके 30 मौलिक सदस्य है,जिन्होंने 31 दिसम्बर,1945 तक विश्व बैंक की सदस्यता ग्रहण कर ली थी |
- भारत अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की भांति विश्व बैंक के भी संस्थापक देशों में से एक है
- विश्व बैंक(IBRD) की दो प्रमुख सहायक संस्थाएं अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA)(जो 24 सितम्बर,1960 को अस्तित्व में आयी) तथा अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) (जिसकी स्थापना जुलाई,1956 में की थी) है | ये संस्थाएं विश्व बैंक के अधीन कार्य करती है |
- IDA: इसे विश्व बैंक की रियायती ऋण देने वाली खिड़की भी कहते है इसकी स्थापना 24 सितम्बर,1960 को हुई | भारत ने इसका सबसे बड़ा लाभ लिया है |
- IFC: यह निगम विकासशील देशों में निजी उद्योगों के लिए बिना सरकारी गारंटी के धन की व्यवस्था करता तथा अतिरिक्त पूँजी विनियोग द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करता है इसकी स्थापना जुलाई 1956 में की गई थी |

विश्व व्यापार संगठन में मंत्री स्तरीय सम्मेलन

सम्मेलन	वर्ष	स्थान
पहला	9-13 दिसम्बर,1996	सिंगापुर
दूसरा	18-20 मई,1998	जेनेवा
तीसरा	30 नवम्बर से 3 दिसम्बर,1999	सियेरल
चौथा	9-14 नवम्बर,2001	दोहा(कतर)
पाँचवा	10-14 सितम्बर,2003	कानकुन(मैक्सिको)
छठा	13-18 दिसम्बर,2005	हांगकांग
सातवाँ	30 नवम्बर से 3दिसम्बर,2009	जेनेवा
आठवां	15-17 दिसम्बर,2011	जेनेवा

विश्व व्यापार सगंठन

- इसके पूर्ववती संगठन का नाम गैट (General Agreement Tariffs & Trade) है
- गैट की स्थापना 1 जनवरी,1948 को हुई,जबकि WTO की स्थापना गैट के आठवें चक्र की वार्ता जिसे उरूग्वे चक्र भीकहते है जिसकेपरिणामस्वरूप 1 जनवरी,1995 को हुई ।
- गैट के आठवें दौर की वार्ता के महानिदेशक अर्थर डंकल थे,अतः इस दौर के प्रस्ताव को 'डंकल प्रस्ताव' भी कहते है,जिसके परिणामस्वरूप 1 जनवरी,1995 को WTO की स्थापना हुई
- इसका मुख्यालय जेनेवा मे है ।
- वर्तमान मे इसके कुल सदस्यो की संख्या 154 है वर्तमान मे प्रशान्त महासागर स्थिति छोटा द्वीपीय देश वनुआतु इस संगठन का 154वां सदस्य है ।
- WTO का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्टीय व्यापार का विनियमन है । जिससे वैश्रवकरण की प्रक्रिया की पूरी जा सकें ।
- 1.TRIMS(Trade Related Investment Measures)
- निवेश व्यापार संबंधी समझौता ।
- 2.TRIPS(Trade Related Intellectual Properties)
- व्यापार संबंधी बौद्धिक संपदा अधिकार समझौता इसके तहत तीन क्षेत्र शामिल है -

1. पेटेन्ट - अधिकार पत्र
2. कॉपी राईट -सर्वाधिकार
3. (ट्रेड मार्क)व्यावसायिक चिन्ह

- यह समझौता 1 जनवरी,2005 के बाद लागू |
  Patent के तहत अदिवतीय आविष्कार (जिनका व्यावहारिक उपयोग संभव हो) के लिए पेटेंट प्रदान किया जाता है |
- 1 जनवरी,2005 के बाद प्रक्रिया पेटेंट के साथ उत्पाद Patent भी लागू कर दिया गया |
  WIPO(World Intellectual Property Organisation):
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इससे संबंधित संगठन है मेड्रिड समझौता,ट्रेड Mark से संबंधित प्रमुख समझौता है | भारत इसका भागीदार बन गया है |
  MFA(Multi Fibre Agreement):
- कपड़ा व्यापार से संबंधित है जनवरी 2005 से कपड़ा व्यापार के संदर्भ में विकसित देशों द्वारा लागू किये गए कोटा प्रणाली को समाप्त कर दिया गया |
- कृषि संबंधी समझौता : इसके तहत दो मुद्दों पर विकसित एवं विकासशील देशों पर विवाद है |
  1. कृषि अनुदान
  2. बाजार पहुच
- विकसित देशों द्वारा स्तरों पर बड़े पैमाने पर कृषि उत्पादों पर अनुदान दी जाती है |
- WTO के तहत वित्तीय,गैर वित्तीय सेवाएं शामिल है Dumping and Anti-dumping का मुद्दा भी WTO के तहत विवाद में है |
  WTO के तहत निर्धारित Box:
- इस प्रकार के Box का संबंध कृषि अनुदान से है |

1. Green Box : ऐसे कृषि अनुदान जिनका कृषि व्यापार पर प्रभाव नही पड़ता | इनका कोई सीमा निर्धारित नही | eg. खाद |
2. Blue Box : उत्पादन से जुडी कृषि अनुदान है कृषि व्यापार पर समिति प्रभाव पड़ता है जैसे बिजली |
3. Amber Box : कृषि व्यापार को प्रभावित करने के लिए इसके तहत अनुदान दी जाती है | यह अन्तराष्ट्रीय प्रतिबद्धता के अनुरूप कटौती करने से संबंधित है | जैसे रुपए से सहायता |
4. Mail Box : पेटेंट प्राप्त करने से संबंधित प्रस्ताव से जुड़ा हुआ है | जैसे अद्वितीय आविष्कार के तहत अनुदान |

- WTO के तहत ही NAMA (Non-Agricultural Market Access)इसमें वे उत्पाद शामिल जिन्हें प्राथमिक उत्पाद माना जाता है | किन्तु जो कृषि समझौता में शामिल नही जैसे - मत्स्य एवं जंगल उत्पाद | सभी औद्योगिक उत्पाद भी शामिल हैं |

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं/ व्यापारिक संगठन

संगठन	स्थापना	मुख्यालय	सदस्य
अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)	1945	वाशिंगटन	187
विश्व बैंक समूह	1945	वाशिंगटन	187
a.आईबीरआरडी	1945	वाशिंगटन	187
b.आईएफसी	1956	वाशिंगटन	182
c.आईडीए	1960	वाशिंगटन	170
d. एमआईजीए	1988	वाशिंगटन	175
e.आईसीएसआईडी	1966	वाशिंगटन	155
यूरोपियन संघ	1958	ब्रुसेल्स	27
विश्व व्यापार बैंक (WTO)	1995	जेनेवा	153
आसियान(ASEAN)	1967	जकार्ता	10
एशियाई विकास बैंक(ADB)	1966	मनीला	67
एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग(APEC)	1989	सिगापुर	21
दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC)	1985	काठमांडू	8
द. एशिया वरीयता व्यापार समझौता(SAPTA)	1995	काठमांडू	7

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन(OECD)	1948	पेरिस	31
दक्षिण साझा बाजार	1991	मोतेविदियों	7
पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन	1960	वियना	11
हिमतक्षेस	1997	वाकोस	18
मेकोंग-गंगा सहयोग (MGC)	2000	वियनतिएन	6
शघाई सहयोग सगंठन (SCO)	1996	बिंजिग	6
बिम्सटेक(BIMSTEC)	1997	ढाका	7
जी-8	1997		8
जी-77	1964	न्यूयार्क	133
जी-15	1989	जेनेवा	19
जी-20	1999		20
जी-10	1962	पेरिस	11
इब्सा	2003		3

बिम्सटेक:

- बंगाल की खाड़ी से लगे चार देशों के समूह (बाग्लादेश,भारत,श्रीलंका तथा थाईलैंड) को **बिम्सटेक** नाम से जाना जाता था |
- बिम्सटेक की स्थापना जून 1997 में थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में की गयी | जून 1997 में ही म्यामार को शामिल किया गया |
- 6 फरवरी,2004 को नेपाल तथा भूटान को बिम्सटेक में शामिल किया गया था |
- वर्तमान में ये सात देशों का संगठन हो गया है जिसमें 5 देश सार्क के सदस्य है जिसे बिम्सटेक के नाम से जाना जाता है इसके सदस्य देश निम्न है -
    1. बाग्लादेश 2.भारत 3.म्यामार 4.श्रीलंका 5.थाईलैंड 6. नेपाल 7.भूटान
- बैंकाक शिखर सम्मलेन 2000 में बिम्सटेक का पूर्ण विस्तार अब Bangladesh,India,Myanmar,Sri Lanka,Thailand Economic Co-Operation से बदलकर Bay of Bengal Initatve for Multi-Sectoral Techical and Economic Co-Operation किया गया |

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन :

- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के भारत,मालदीव,पाकिस्तान,बाग्लादेश,श्रीलंका,भूटान, नेपाल एवं अफगानिस्तान सहित 8 सदस्य देश है ढाका शिखर सम्मलेन 7-8 दिसम्बर,1985 के निर्णयानुसार इसकी स्थापना हुई | इसका मुख्यालय काठमांडू में है
- 14 वें शिखर सम्मलेन 3 से 4 अप्रैल,2007 को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ जिसमें अफगानिस्तान को 8वें सदस्य के रूप में शामिल किया गया |
- 14 वें शिखर सम्मलेन में ही पहली बार ईरान को पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान किया गया | इसी सम्मलेन में वर्ष 2008 को अच्चा शासन के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था |
- दक्षेस का प्रथम शिखर सम्मलेन दिसम्बर 1985 बाग्लादेश के ढाका में हुआ था तथा 16 वां शिखर सम्मेलन अप्रैल,2010 भूटान के थिम्पू में हुआ |
- 17 वां शिखर सम्मलेन नवम्बर 2011 में मालद्वीप की राजधानी माले में सम्पन्न हुआ |

दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्टों का संघ -आसियान :

- आसियान दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्टों का संघ है, इण्डोनेशिया,फिलीपिंस,मलेशिया,सिगापुर तथाथाईलैंड ने एक प्रादेशिक संगठन के रूप में 8 अगस्त,1967 को इसका औपचारिक गठन बैंकाक घोषणा के द्वारा किया |

आसियान के सदस्य

- आसियान के 10 सदस्य राष्ट्रों में दक्षिण पूर्व एशिया के निम्नलिखित राष्ट्र शामिल है - 1.इंडोनेशिया 2.फिलीपिंस 3.मलेशिया 4.थाईलैंड 5.सिगापुर 6.ब्रूनेई 7.वियतनाम 8.लाओंस 9.कम्बोडिया 10.म्यांमार

- आसियान ने 23 जुलाई,1996 को भारत को पूर्ण वार्तालाप का दर्जा प्रदान कर दिया |
- आसियान 16 वाँ शिखर सम्मलेन वियतनाम की राजधानी हनाई 8-9 अप्रैल 2010 का सम्पन्न हुआ |

G-8 समूह :

- स्थापना समय के दौरान G-7 विश्व के सात औद्योगिक रूप से विकसित गैर समाजवादी देशों का एक संगठन था | जिसके सदस्य अमरीका, कनाडा, जर्मनी, ब्रिटेन, फ़्रांस व जापान देश थे |
- 21 जून, 1997 से रूस इस संगठन का सदस्य बना जिसे **G-8**के नाम से जाना जाता है |
- G-8 का पहला शिखर सम्मेलन फ़्रांस के पेरिस में नवम्बर 1975 में हुआ था |
- इसका कोई मुख्यालय नही है |

एशिया प्रशान्त आर्थिक सहयोग (Asia Pacific Economic Co-operation-APEC):

- APEC की स्थापना नवम्बर 1989 में तत्कालीन आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बॉब हॉक की पहल पर हुई थी |
- 1998 में रूस, वियतनाम व पेरू को सदस्यता मिल जाने के बाद एपेक की सदस्य संख्या 21 हो गई |
- भारत इस संगठन का सदस्य नही बनाया गया है |

'ब्रिक्स' सम्मेलन (Brazil, Russia, India, China and South Africa- BRICS) :

- वर्ष 2009 में चार देशों - ब्राज़ील रूस, भारत व चीन ने एक नए आर्थिक संगठन ब्रिक (BRIC) की स्थापना की थी |
- प्रथम शिखर सम्मेलन 16 जून, 2009 को रूस के शहर येकेटरिनबर्ग (Yekaterinburg) में सम्पन्न हुआ था |
- ब्रिक की धारणा (Thesis) को पहली बार 2003 में गोल्डमैन सैच ने व्यवस्थित रूप में अपनी पहली रिपोर्ट 'Dreaming with BRICS : The Path to 2050' में प्रस्तुत किया था |
- (BRIC) का नामकरण इसके सदस्य देशों के नाम से पहले अक्षर से हुआ है | अतः दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने के बाद इसका नाम ब्रिक्स (BRICS- ब्राज़ील, Russia, India, China and South Africa) हो गया |
- ब्रिक्स एक प्रजातांत्रिक बहुध्रुवीय व समाजपूर्ण वैश्विक व्यवस्था का पक्षधर है |

HARYANA JOB ALERT